# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
## सिद्धार्थनगर, उ०प्र०-272202

Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com

पत्रांकः 855/सि0वि0वि0/सम्बद्धता/2026 दिनांकः 16/09/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

**विषय–सेवा संकल्प अभियान (17 सितम्बर – 17 अक्टूबर, 2026) के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन कराने हेतु नोडल अधिकारी नामित किये जाने के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि सेवा संकल्प अभियान (17 सितम्बर–17 अक्टूबर, 2026) के अंतर्गत विभिन्न जन–जागरूकता, सेवा, सामाजिक सहभागिता, छात्र सहभागिता एवं अन्य निर्धारित कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

इस संबंध में विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय में उक्त कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु एक नोडल अधिकारी नामित किया जाना है। जो कार्यक्रमों के आयोजन, फोटोग्राफी, वीडियो रिकॉर्डिंग, दैनिक रिपोर्टिंग, सोशल मीडिया लिंक तथा अन्तिम संकलित अभिलेख के लिए उत्तरदायी होंगे। जिसका गूगल लिंक निम्नवत् है–

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSfFTJv1THgFGcqjhvj0YvL38PbZTtY62j9gZr0dtyMty2UQdw/viewform?usp=header

अतः सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या को सूचित किया जाता है कि उक्त गूगल लिंक के माध्यम से अपने महाविद्यालय में एक नोडल अधिकारी नामित कर यह सुनिश्चित करें कि सेवा संकल्प अभियान की प्रत्येक गतिविधि समयबद्ध, सहभागितापूर्ण, सुव्यवस्थित, अभिलेखित एवं दृश्य रूप से प्रभावी हो।

उक्त निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए उपरोक्त कार्यक्रम फोटोग्राफी, वीडियो रिकॉर्डिंग, दैनिक रिपोर्टिंग, सोशल मीडिया लिंक तथा अन्तिम संकलित अभिलेख विश्वविद्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

16/09/26

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक : तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपिः–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. गार्ड फाइल में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।